गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज श्रीनगर में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

मोदी सरकार एक विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासों से विकास और कल्याणकारी पहलों से प्रत्येक नागरिक के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत हो रही है

जम्मू और कश्मीर में विकास की रफ्तार को तेज करने में मोदी सरकार के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप केंद्र शासित में सभी क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिला है

समीक्षा बैठक के दौरान, केंद्र शासित प्रदेश द्वारा बिजली, कनेक्टिविटी, उद्योग, पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों को केन्द्रीय गृह मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया

जनकल्याण के हर पहलू में हुआ व्यापक विकास, बेहतर सुधारों के माध्यम से जम्मू और कश्मीर को बदलने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है

प्रविष्टि तिथि: 08 APR 2025 7:34PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज श्रीनगर में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्लाह, केन्द्रीय गृह सचिव और केन्द्र तथा जम्मू और कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार एक विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासों से विकास और कल्याणकारी पहलों से प्रत्येक नागरिक के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। श्री शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर हर क्षेत्र में विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जम्मू और कश्मीर में विकास की रफ्तार को तेज करने में मोदी सरकार के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप केंद्र शासित प्रदेश में सभी क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिला है। समीक्षा बैठक के दौरान, केंद्र शासित प्रदेश द्वारा बिजली, कनेक्टिविटी, उद्योग, पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों को केन्द्रीय गृह मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अब तक जम्मू और कश्मीर को दी गई वित्तीय सहायता और वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र शासित प्रदेश को विभिन्न मदों के तहत आवंटित वित्तीय सहायता का भी प्रस्तुतिकरण में उल्लेख किया गया। गृह मंत्री ने जम्मू और कश्मीर में विकास की गति को और तेज करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जिससे केन्द्र शासित प्रदेश की क्षमता का भरपूर उपयोग किया जा सके।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार जम्मू और कश्मीर में विकास के नए आयाम स्थापित करने और स्थानीय लोगों के लिए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने के प्रति पूरी तरह से कटिबद्ध है। जनकल्याण के हर पहलू में हुआ व्यापक विकास, बेहतर सुधारों के माध्यम से जम्मू और कश्मीर को बदलने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2120178) आगंतुक पटल : 92

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Assamese , Punjabi , Gujarati , Odia , Tamil